सुविचार

*अपनी जिंदगी में अगर वाकई कुछ हासिल करना है तो, अपने तरीकों को बदलो अपने इरादों को कभी नहीं..!!*

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI.NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 7, अंक-14 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 13 मई 2022 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 3 रुपये

Mother's Basket
Kitchen Herbs & Spices
Swad jo pahuche dil tak

## प्रचंड गर्मी का प्रकोप जारी, फिलहाल राहत के आसार नहीं

भोपाल। राजधानी में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। बुधवार रात को गर्मी के साथ उमस इतनी ज्यादा रही कि घरों में पंखों व कूलरों ने काम करना मानो बंद कर दिया। लोग रातभर परेशान रहे। बस उन लोगों ने ही राहत की सांस ली, जिनके



घरों में एसी था। गुरुवार सुबह से ही सूरज की तेज तपिश ने सुबह 7-8 बजे ही दोपहर के एक-दो बजने का अहसास कराया। मौसम विज्ञानियों की मानें तो पश्चिम से आ रही गर्म हवाओं ने शहर में मौसम का मिजाज बदलकर रख दिया है। इस बीच पिछले 24 घंटों में हवाओं की दिशा बार-बार बदली, लेकिन रात से सुबह तक असानी के असर से पूर्वी हवाएं नमी के साथ आती रहीं। बादल और नमी के चलते रात में गर्माहट के साथ उमस परेशान करती रही। शहर में बुधवार दिन भर आंशिक बादल तो छाए रहे, लेकिन धूप और गर्म हवाओं के चलते गर्मी से राहत नहीं मिली। मौसम विज्ञानियों का अनुमान है कि गुरुवार-शुक्रवार को असानी के कमजोर होने के साथ नमी आनी कम होगी। वहीं बादल छटेंगे, जिससे वातावरण शुष्क होगा और तापमान बढ़ेगा।

### अब पूर्वी प्रदेश तपेगा

*प्रदेश में बुधवार को अधिकांश स्थानों पर तापमान में वृद्धि दर्ज हुई, इसमें पहले से तप रहे पश्चिमी हिस्सों में तापमान ऊंचा ही बना रहा, वहीं पूर्वी हिस्सों में कुछ कम लेकिन असर दिखा। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि गुरुवार को चक्रवात के और कमजोर होकर अवदाब में बदलने का अनुमान है, जिसके कारण पूर्वी हवाएं और नमी दोनों आना कम होगी और मौसम शुष्क होने के साथ तापमान बढ़ेगा। अगले एक से दो दिनों में पूर्वी प्रदेश भी तपेगा। अब तक तीखी गर्मी का कम सामना करने वाले पूर्वी हिस्सों में पश्चिमी हिस्सों के अपेक्षा तेजी से बढ़ोत्तरी होगी, जबकि पश्चिमी पहले से तप रहे हैं। यहां तपिश बनी रहेगी और लू का प्रकोप बना रहेगा। शुक्रवार से पूर्वी प्रदेश में भी लू चलने के आसार हैं, ऐसे में इस दिन से पूरे प्रदेश में लू की स्थिति बन सकती है।*

## क्या है राजद्रोह कानून सुप्रीम कोर्ट क्यों लगाई इस पर रोक जानिए/IPC Section 124 A... I

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने राजद्रोह कानून को स्थगित कर दिया हैं एवं केंद्र सरकार को इस कानून पर पुनः विचार करने को कहा हैं। देश के उच्चतम न्यायालय ने कानून को स्थगित करने के साथ साथ राजद्रोह के कोई भी नया केस दर्ज करने में रोक लगा दी है एवं इस मामले की अगली सुनवाई जुलाई के तीसरे सप्ताह में फिर होगी तब तक राजद्रोह के अपराध में किसी भी प्रकार का मामला या एफआईआर दर्ज होगी, सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस ने यह भी कहा है कि जिन लोगो पर राजद्रोह का केस चल रहा है एवं जेल में है वह जमानत के लिए न्यायालय में याचिका लगा सकते हैं।

**जानिए कब और क्यों बनाया था राजद्रोह का कानून-**

यह कानून ब्रिटिश सरकार द्वारा वर्ष 1870 में स्थापित किया गया था जिसके बाद सन् 1898 में इसमे संशोधन करके पुनः प्रतिस्थापित किया गया। तब इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य था ब्रिटिश सरकार का विरोध



*लेखक बीआर अहिरवार(पत्रकार एवं विधि छात्र नर्मदापुरम)9827737665*

करने वाले भारतीयों के स्वतंत्रता आंदोलन को कुचल देना एवं उन्हें खत्म कर देना। इस कानून पर महात्मा गांधी जी ने कहाँ था कि आईपीसी की धारा 124-क के अंतर्गत मुझे सदैव आरोपित किया गया हैं। भारतीय स्वतंत्रता के बाद भी यह धारा आज भी भारतीय दण्ड संहिता में बनी हुई थी बहुत से न्यायविदों ने मत दिया था कि यह कानून संविधान के अनुच्छेद 19(1) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अतिक्रमण करता है एवं इस धारा में अपराध होना दुर्भाग्यपूर्ण हैं।

**जानिए क्या हैं स्थगित राजद्रोह का कानून -**

भारतीय दण्ड संहिता,1860 की धारा 124 क के अंतर्गत यह अपराध उन व्यक्ति पर लागू होता है जो बोले गए, लिखे गए, संकेतों अथवा वीडियो के द्वारा भारत सरकार या राज्य सरकार के प्रति घृणा, अपमान, अशांति या हिंसा उत्पन्न करता है या उत्पन्न करने का प्रयत्न करता है। लेकिन सरकार की कटु आलोचना करना राजद्रोह का अपराध नहीं होता है।

**क्या है भारत की सरकार?**

कानून में बताया गया है की भारत सरकार के प्रति घृणा उत्पन्न करना,हिंसा फैलाना या अपमान करना अपराध है यहाँ भारत सरकार के अंतर्गत केंद्र एवं राज्य सरकार दोनों आती है, इसका उद्देश्य किसी विशेष व्यक्ति से नहीं है वरन सरकार के रूप में कार्य कर रहे उस व्यक्ति समूह से है जो सरकार के प्रशासन कार्य करने के लिए अधिकृत हैं। किसी राज्य या केंद्र के मंत्री को सत्ता से निकल बाहर करने या संसद द्वारा पारित किसी कानून का विरोध करना या रद्द कंरने के लिए शांति रूप से आंदोलन करना राजद्रोह का अपराध नहीं है।

**राजद्रोह का कानून संवैधानिक है या असंवैधानिक नहीं महत्वपूर्ण निर्णय-?**

धारा 124-क के नियम संविधान के अनुच्छेद 19(1) क में वर्णित वाक् अभिव्यक्ति की मूलभूत अधिकारों पर अतिक्रमण नहीं करता है एवं यह असंवैधानिक भी नहीं है क्योंकि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(2) में देश की सुरक्षा, नैतिकता, जनहित, शिष्टता, न्यायालय अवमान एवं मानहानि आदि पर उचित प्रतिबंध लगाए गए हैं। देवी सरन बनाम राज्य एवं केदारनाथ बनाम बिहार राज्य के महत्वपूर्ण निर्णय में धारा 124(क) को संवैधानिक एवं वैध मना गया है।

## इलाहाबाद हाई कोर्ट ने खारिज की याचिका

## ताज महल के 22 कमरे खोलने का मामला

**एजेंसी/इलाहाबाद।** ताज महल केस में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में 22 कमरों को खुलवानेवाली याचिका खारिज कर दी है। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता से पूछा है कि आप हमसे क्या चाहते हैं? क्या आप चाहते हैं कि हम यह तय करें कि ताजमहल किसने बनवाया है? क्या आपके किसी अधिकार का हनन हुआ? जज ने यह टिप्पणी भी कि व्यवस्था का मजाक न बनाया जाए। जज ने यह भी कहा कि आज आप ताजमहल के कमरे खोलने की बात कह रहे हैं, कल आप कहोंगे कि जजों के चैम्बर के दरवाजे खोले जाएं? दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी



दलील रखी है। भाजपा की अयोध्या इकाई के मीडिया प्रभारी रजनीश सिंह ने यह याचिका दायर की है। उनका कहना है कि फैक्ट फाइंडिंग टीम ने मांग की थी कि ताजमहल के इतिहास से जुड़ी सच्चाई को जनता के सामने लाया जाए और इसके लिए 22 कमरों के दरवाजे खोलने की मांग की गई है। कई दक्षिणपंथी संगठनों ने अतीत में दावा किया है कि मुगल काल का मकबरा भगवान शिव का मंदिर था। वहीं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि दम है तो लाल किला या फिर ताजमहल में मंदिर बनाकर दिखाएं। फिर देखते हैं कितने लोग इन्हें देखने आएंगे। वह अपने पैतृक क्षेत्र बिजबेहाड़ा में मीडिया से बात कर रही थीं।

## शासकीय अधिकारी के प्रश्नों का उत्तर नहीं देना कब अपराध की श्रेणी में आएगा कब नहीं जानिए/IPC.....!

जब कोई अधिकार जिससे शासन द्वारा किसी भी प्रकार का वैध प्रश्न पूछने का अधिकार है और वह किसी व्यक्ति से कोई प्रश्न पूछता है ओर आम व्यक्ति उसके प्रश्नों का उत्तर न दे तब क्या उत्तर न देने वाला व्यक्ति अपराधी हो सकता है यह सवाल इस लिए की वर्तमान समय में ऐसा होना आम बात हो गई हैं किसी भी लोकसेवक के सवालों का जबाब आम जनता नहीं देती है अगर कोई व्यक्ति ऐसा करता है तब उसके खिलाफ कब ओर किस क़ानून के तहत शिकायत की जा सकती है जानिए।



**भारतीय दण्ड संहिता,1860 की धारा 179 की परिभाषा-**

अगर कोई व्यक्ति किसी लोकसेवक जिसको जानने का वैधानिक अधिकार प्राप्त है वह उसके सवालों का उत्तर नहीं देता है तब ऐसा करने वाला व्यक्ति धारा 179 के अंतर्गत दोषी होगा।

**लोकसेवक का उत्तर देना कब इस धारा में अपराध नहीं होगा-**

1. पुलिस द्वारा साक्षियो के गवाही लेना।
2. लोकसेवक द्वारा अवैध (गलत) प्रश्न पूछा जाना।
3. साक्ष्य अधिनियम की धारा 121 से 132 तक साक्षी द्वारा जबाब न देना।

**भारतीय दण्ड संहिता,1860 की धारा 179 के अंतर्गत दण्ड का प्रावधान-**

इस धारा के अपराध किसी भी प्रकार से समझौता योग्य नहीं है यह असंज्ञेय एवं जमानतीय अपराध होते हैं,इनकी सुनवाई का अधिकार किसी भी मजिस्ट्रेट को होता है।

**सजा** - इस अपराध के लिए अधिक्तकम छः माह की कारावास या एक हजार रुपए जुर्माना या दोनो से दण्डित किया जा सकता है।

**लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान(महिला सामाजिक कार्यकर्ता एवं ब्यूरो चीफ युवा प्रदेश समाचार पत्र अलीगढ़, उ.प्र.)**

## कालेज चलो अभियान के अंतर्गत बैठक का आयोजन किया गया

**पत्रकार बीआर अहिरवार**

**नर्मदापुरम।** शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय नर्मदापुरम में दिनांक 11 मई 2022 को कालेज चलो अभियान के अंतर्गत संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिले भर के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे। कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत शासन की मंशा अनुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से विद्यार्थियों को अवगत कराना तथा पिछले सत्र में जो सीट रिक्त रह गई थी उन्हें भरने के लिए प्राथमिकता से प्रयास करना सम्मिलित है। इस हेतु शासन नें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का नया रूप नई शिक्षा नई उड़ान किया गया है। जिससे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों को बेहतर समझ और सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगा। इस बैठक में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ श्रीमती कामिनी जैन ने संबोधन करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विद्यार्थी में संकाय के अतिरिक्त किसी भी संकाय के वैकल्पिक विषय चयन करने की स्वतंत्रता दी गई है। इस क्रम में कला संकाय में 25, विज्ञान संकाय में 20, एवं वाणिज्य संकाय में 05 एवं अन्य संकाय से एनसीसी, एनएसएस, एवं शारीरिक शिक्षा जैसे विषयों के चयन का अवसर भी विद्यार्थियों को दिया गया है। पाठ्यक्रमों में भारतीय प्राचीन ज्ञान संपदा को सम्मिलित करने के साथ साथ



राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक स्तर पर रचनाकारों, साहित्यकारों, समाज शास्त्रियों, वैज्ञानिकों एवं प्रतिष्ठित इतिहासकारों से जुड़े प्रेरक एवं रोचक प्रसंगों का विद्यार्थियों हेतु समावेश किया गया है ताकि विद्यार्थी अपनी गौरवशाली परंपरा का परिचय प्राप्त कर सकें। उन्होने स्कूल के प्राचार्यो से आग्रह किया कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों को भ्रमण कराएँ जिससे वह कॉलेज में उपलब्ध सुविधाओं एवं विषयों से अवगत हो सके। इस अभियान में भूतपूर्व एवं वरिष्ठ छात्राओं का भी सहयोग लिया जा रहा है। इस अभियान में गांव के सरपंच, सचिव, महिला बाल विकास की कार्यकर्ताओं का भी सहयोग लिया जाएगा।

कॉलेज चलो अभियान की संयोजक डॉ रश्मि श्रीवास्तव ने बताया कि बदलते वैश्विक परिवेश में यह आवष्यक है कि हम विद्यार्थियों को व्यवहारिक एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा को प्राप्त करने के अवसर कराएं इस नीति के द्वारा आकादमिक लचीलेपन के परिणाम स्वरुप विद्यार्थी अपने रुचि के अनुरूप विषयों के मिश्रित चयन की सुविधाओं का लाभ ले सकेंगे साथ ही प्रति वर्ष अर्जित क्रेडिट के अनुसार सर्टिफिकेट, डिप्लोमा एवं डिग्री प्राप्त कर सकेंगे कॉलेज में नई षिक्षा नई उड़ान एवं महाविद्यालय की उपलब्धियों को पीपीटी के माध्यम से साझा किया गया। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रकाशित नई शिक्षा नई उड़ान पुस्तिका एवं सामान्यतः पूछे जाने वाले 65 प्रश्नों एवं उत्तरों का प्रिंटआउट जिला शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्यो को वितरित किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री अरूण इंगले जी, श्री वी.के. तिवारी डीपीओ नर्मदापुरम, समस्त शासकीय एवं अषासकीय विद्यालयों के प्राचार्य, महाविद्यालय के प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

# मजदूर वर्ग ही देश की रीढ़ हैः अतरसिंह भारतीय





**रायसेन।** ज्ञातव्य हो कि मजदूर दिवस के अवसर पर दिनांक 01 मई 2022 को बाड़ी ब्लॉक के ग्राम नयागांव, जिला रायसेन मध्यप्रदेश में मजदूर एकता संगठन के बैनर तले मजदूरों के अधिकारों एवं शासकीय योजनाओं से भागीदारी के तारतम्य में सामाजिक संस्था एक्शनएड एसोसिएशन भोपाल के वर्कर्स फैसिलिटेशन सेंटर बाड़ी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मजदूरों को फूल मालाओं से सम्मानित किया गया। आयोजन में उपस्थित ग्राम पंचायत सचिव ने शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए मजदूर वर्ग की हर संभव मदद करने का वादा किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पोथीराम लोधी, परमसुख रघुवंशी, ओमवती सिसोदिया, गोपाल सिंह दिवाकर, शिवम, मंगू भैया आदि तथा महिलाओं की उपस्थिति सराहनीय रही। सिलवानी ब्लॉक से अतरसिंह भारतीय ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मजदूर देश की रीढ़ है। शोषण नहीं होना चाहिए। क्षेत्र के समस्त मजदूरों को मजदूर एकता संगठन के रूप में एकजुट होकर दृढ़ता पूर्वक, तटस्थ होकर अपने अधिकारों के लिए लड़ना चाहिए और शासन द्वारा संचालित योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ लेना चाहिए। श्री भारतीय ने जोर देकर कहा कि महिलाओं और मजदूरों को संगठित हो कर अन्याय, अत्याचार एवं शोषण के खिलाफ उनको खुद आगे आकर लड़ना चाहिए। सरकार, सामाजिक संस्थाऐं और कार्यकर्ता गण भी हर संभव मदद करेंगे।

## ओबीसी आरक्षण खत्म करने बीजेपी की साजिश का निंदा प्रस्ताव हुआ पारित



**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल मोबाइल 8878054839**

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी भोपाल में आज भोपाल जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की बैठक हुई। जिसमें भारतीय संविधान को खत्म करने एवं आरक्षण को खत्म करने की साजिश का निंदा प्रस्ताव श्री विक्रम चौधरी ने प्रस्तुत किया। जिसे बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने निंदा की और इसे अपनी बैठक में निंदा करते हुए। भर्त्सना की। तथा सभी ने चिंता जताते हुए कहा कि भाजपा सरकार भारतीय संविधान हटाने की चाल पर चाल चल रही है। ओबीसी वर्ग का आरक्षण को खत्म कर देना में वैमनस्य पैदा कर रही है। बैठक अनुसूचित जाति कांग्रेस विभाग भोपाल जिला अध्यक्ष महेश नंदमेहर की अध्यक्षता में हुई। जिसमें भोपाल जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अनेक पदाधिकारीगण और सदस्यों की उपस्थिति रही।

## चना खरीदी केंद्र में लगी आग, बड़ा नुकसान होने से बचा



**विदिशा।** ढोलखेड़ी स्थित समर्थन मूल्य के चना खरीदी केंद्र (निर्मल वेयर हाउस) में बुधवार की दोपहर में अचानक आग लग गई। आग की लपटें एक फिट से अधिक ऊंची निकल रही थी, लेकिन शुक्र है कि बहुत ज्यादा नुकसान नहीं हो सका। मौके पर मौजूद हम्माल और किसान अपने स्तर पर आग बुझाने में जुट गए थे, कुछ देर बाद मौके पर पहुंची नपा की दमकल ने आग पर काबू किया। बताया जा रहा है कि वेयर हाउस में शटर में वेल्डिंग का काम चल रहा था, जिससे आग लगने की संभावना जताई जा रही है, लेकिन मार्केटिंग प्रबंधक चंदनसिंह रघुवंशी का कहना है कि उस समय बिजली नहीं थी और काम बंद था जिससे आग लगने की घटना अब संदिग्ध मानी जा रही है। सूचना के बाद मौके पर कोतवाली पुलिस और तहसीलदार सरोज अग्निवंशी भी पहुंची और जायजा लिया। बता दें कि जिले के 71 समर्थन मूल्य केंद्रों पर सरकार किसानों का चना खरीद रही है।

## मंडी में चना के दाम घटे तो एक सप्ताह में समर्थन मूल्य केंद्रों पर दो गुना खरीदी



*सोमवार को ही मंडी में चना 4010 रुपये क्विंटल से लेकर 4740 रुपये प्रति क्विंटल में बिका है।*

**विदिशा।** कृषि उपज मंडी में अधिक दाम मिलने के कारण जिले के समर्थन मूल्य केंद्रों पर पिछले सप्ताह तक सन्नाटा पसरा हुआ था, लेकिन मंडी में दाम घटते ही इस एक सप्ताह में चना खरीदी केंद्रों पर किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी है। 42 दिन में इन केंद्रों पर जितना चना नहीं खरीदा गया था, उतना चना इस एक सप्ताह में खरीदा गया है। अभी एक लाख क्विंटल चना और खरीदी की अधिकारी उम्मीद लगाए बैठे हैं। बता दें कि 21 मार्च से जिले में चना, मसूर की खरीदी शुरू हो गई थी। इसके लिए 71 समर्थन मूल्य केंद्र बनाए हैं, लेकिन मंडी में चना के दाम चार हजार से लेकर 5400 रुपये प्रति क्विंटल तक किसानों को मिल रहे थे जिसके चलते ज्यादातर किसानों ने अपनी उपज मंडी में बेचना बेहतर समझा। जिसके चलते एक सप्ताह पहले तक 50 फीसद केंद्रों पर तुलाई भी शुरू नहीं हो सकी थी। लेकिन मई माह में चना के दामों में 500 रुपये से अधिक की गिरावट आई है। सोमवार को ही मंडी में चना 4010 रुपये क्विंटल से लेकर 4740 रुपये प्रति क्विंटल में बिका है। जबकि समर्थन मूल्य पर 5230 रुपये प्रति क्विंटल में चना खरीदा जा रहा है। जिसके चलते अब किसानों ने केंद्रों की तरफ रूख कर लिया है। जिसके चलते वहां खरीदी में तेजी आई है। कृषि उप संचालक पीके चौकसे ने बताया कि पिछले एक सप्ताह तक 35 केंद्रों पर 4 हजार किसानों ने ही एक लाख 20 हजार क्विंटल चना तुलवाया था, लेकिन इस एक सप्ताह में 3 हजार से ज्यादा किसान अपनी उपज लेकर आए हैं। जिसके चलते हमारी खरीदी बढ़कर दो लाख 2 हजार 643 क्विंटल के करीब पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि 23 हजार 900 किसानों ने पंजीयन कराया था। सभी किसानों को मैसेज भेज दिए गए हैं। अभी तक 7 हजार 191 किसानों ने अपनी उपज बेची है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि अभी 31 मई तक खरीदी करनी है जिसके चलते खरीदी करीब तीन लाख क्विंटल पर पहुंच जाएगी।

## बाढ़ से बचाने, डूब प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं को देंगे प्रशिक्षण



**विदिशा।** इस साल बाढ़ से निपटने के लिए होमगार्ड अपने जवानों के अलावा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले युवाओं को भी प्रशिक्षित करेगा। जिससे बारिश के दौरान बाढ़ के हालात बनने पर उनकी भी मदद ली जा सके। खासकर डूब प्रभावित क्षेत्रों के गांव और बस्तियों में ऐसे युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा, जो तैरना जानते हैं। इसके अलावा बाढ़ से बचने के सामान्य उपाय भी ग्रामीणों को बताए जाएंगे। बता दें कि पिछले कुछ सालों से शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी बाढ़ का पानी प्रवेश करने लगा है। पिछले साल ही शहर की कई बस्तियां सहित आसपास के हुस्नापुर, पड़रात, लालाखेड़ी, ठर्र से लगे हुए कई गांव जलमग्न हो गए थे। लोगों के घरों में बारिश का पानी भर जाने से उनका लाखों रुपयों का नुकसान भी हो गया था और इन लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने में होमगार्ड के जवानों को खासी मशक्कत करनी पड़ी थी।

# एसडीएम तथा जनपद कार्यालय का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

**कोरिया।** कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा ने आज एसपी श्री प्रफुल्ल ठाकुर तथा जिला पंचायत सीईओ श्री कुणाल दुदावत के साथ विकासखण्ड खड़गवां में एसडीएम तथा जनपद कार्यालय का निरीक्षण किया। जनपद कार्यालय में उन्होंने सभी शाखाओं का अवलोकन करते हुए कर्मचारियों को पहचान हेतु आई कार्ड लगाकर कार्य किए जाने के निर्देश दिए। समाधान तुंहर दुआर तथा विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए लगाए गए शिविरों में आए विभिन्न प्रकरणों के निराकरण की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने राशनकार्ड, पेंशन प्रकरण, संबंधी प्रकरणों का जल्द निराकरण किए जाने के निर्देश दिए तथा इसी तरह एसडीएम कार्यालय में कलेक्टर ने विभिन्न प्रकरणों की सुनवाई के लिए आए लोगों से बात कर समस्याओं के विषय मे चर्चा की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न राजस्व प्रकरण, आय, जाति, निवास प्रमाणपत्र के प्रकरण, कार्यालयों में साफ-सफाई, शौचालयों, पेयजल व्यवस्था, आवेदकों के बैठने की व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त किए जाने के निर्देश दिए। 'विधवा पेंशन प्रकरण की स्वीकृति के विषय में हितग्राही रामेश्वरी को स्वयं फोन कर कलेक्टर ने दी जानकारी' कलेक्टर श्री शर्मा ने जनपद कार्यालय निरीक्षण के दौरान प्रकरणों की स्वीकृति की जांच की तथा पोर्टल में एंट्री का अवलोकन किया। विधवा पेंशन की आवेदिका रामेश्वरी को कलेक्टर ने स्वयं फोन कर पेंशन स्वीकृति की जानकारी दी। उन्होंने इसी प्रकार सभी प्रकरणों की स्वीकृति पर हितग्राहियों को व्यक्तिगत रूप से जानकारी देने हेतु निर्देश देते हुए कहा कि यह प्रक्रिया नियमित हो जिससे आवेदकों को प्रकरण निराकरण की जानकारी रहे।





### 'पुलिस थाना खड़गवां का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा'

कलेक्टर श्री शर्मा ने एसपी श्री ठाकुर के साथ पुलिस थाना खड़गवां का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने में रिकार्ड रूम, मालखाने, शस्त्रागार, रेडियो कक्ष, लेखक कक्ष, शौचालयों आदि का निरीक्षण कर थाना परिसर में साफ सफाई एवं आवश्यक व्यवस्थाएं किए जाने हेतु दिशा निर्देश दिए। उन्होंने थाना प्रभारी श्री विजय सिंह से विभिन्न प्रकरणों की जानकारी ली। इस दौरान खण्ड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# कुशाभाऊ ठाकरे कार्य विस्तार योजना भाजपा पदाधिकारी पहुंच रहे जनता के बीच

**भोपाल।** कुशाभाऊ ठाकरे कार्य विस्तार योजना अंतर्गत मनेंद्रगढ़ मंडल में बूथ क्रमांक 21 के कार्यकर्ताओं से चर्चा एवं आगामी कार्य योजना तैयार कर पार्टी को सशक्त एवं सक्षम बनाने आवाहन किया गया। भाजपा के शासन में छत्तीसगढ़ का कायाकल्प किया गया। जिसकी विस्तृत जानकारी सभी वार्ड वासियों को दी गई जैसे किसान समृद्धि, मुफ्त ऋण, सुखी किसान, खाद्य सुरक्षा, मनरेगा में 50 दिन अतिरिक्त रोजगार, पलायन का नहीं अवसरों का प्रदेश छत्तीसगढ़ को बनाया गया, आई.आई.टी, एन.आई.टी जैसे बड़े संस्थान छत्तीसगढ़ में खोला गया एवं आदि अनेक कार्यो की विस्तृत जानकारी दी गयी। और कांग्रेस की भ्रष्ट और निकम्मी कांग्रेस सरकार के द्वारा किए गए वादाखिलाफी, आवास छीना, आत्महत्या, युवाओं को रोजगार भत्ता ना देना, असुरक्षित बहन बेटियां, उड़ता छत्तीसगढ़, शराबबंदी का वादा कर सत्ता में आए और घर घर शराब पहुंचाया।दंगे-धर्मांतरण, आदिवासियों का जीना मुश्किल करना और छत्तीसगढ़ को जिस तरह दस जनपद का एटीएम बनाकर प्रदेश के संसाधन को कांग्रेस के चुनाव कोष बना दिया गया आदि अनेक कार्यों की जानकारी सभी को दी गई। भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर वार्ड क्रमांक 19 के अशोक कुमार सिंह एवं संजू जैन ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली। इस दौरान भाजपा के मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पटवा,कुशाभाऊ ठाकरे कार्य विस्तार योजना के समयदानी जे.के. सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा एवं विस्तारक अंकुर जैन, साइबर विस्तारक एवं पार्षद रूबी पासी, मंडल उपाध्यक्ष विवेक अग्रवाल, हरिलाल यादव, विजय सोनी, रितेश ताम्रकार, किरण सिंह, कमला यादव, आनंद साहू, रानी बघेल, कोमल बघेल, बसंत सिंह, गीता गुप्ता, प्रेम नारायण अग्रवाल, योगेश उपाध्याय, संतोष कुमार दास, मिठाई लाल केसरवानी, दिव्या गुप्ता, बसंत साहू, वारिस अंसारी, विनीत केसरवानी आदि वार्डवासी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव तय समय सीमा पर कराए जाएंगे पत्रकार वार्ता में डी आर ओ इरशाद हुसैन ने कहा



**अनूपपुर।** कांग्रेस पार्टी की राष्टीय अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी के दिशा निर्देशन में कांग्रेस पार्टी के संगठनात्मक चुनाव तय सीमा में कराए जाने के लिए कांग्रेस पार्टी ने सभी जिलों में डीआरओ की नियुक्ति की है।जिसके तहत पटना बिहार से आए डीआरओ इरशाद हुसैन ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष फुन्देलाल सिंह मार्को एवं कोतमा विधायक सुनील सराफ की उपस्थिति में पत्रकार वार्ता आयोजित कर पत्रकारों के समक्ष अपनी बात रखते हुए कहा कि कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव तय समय सीमा पर करा लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिला, ब्लाक, मंडलम, सेक्टर के चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से वोटर लिस्ट के आधार पर कराए जाएंगे जिसमें प्राथमिक सदस्य मतदान में हिस्सा लेंगे।उन्होंने बताया कि जिले के प्रत्येक बूथ में प्राथमिक सदस्य बनाए जा चुके हैं।डीआरओ द्वारा अनुमोदित सूची वाले वोटर ही चुनाव में भाग लेंगे।15 अप्रैल तक के जो भी सदस्य बने हैं प्राथमिक वह वोटर रहेंगे उसके बाद वाले मेंबर रहेंगे। बीआरओ की नियुक्ति भी शीघ्र होगी जो ब्लॉक स्तर पर चुनाव कराएंगे।कांग्रेश के प्रति लोगों में उत्साह बढ़ा है मेंबर शिप भी काफी हुई है सभी में कांग्रेश के प्रति उत्साह है। उन्होंने कहा कि उनके हस्ताक्षर से वोटर लिस्ट घोषित होंगी। सभी लोग अच्छा मेहनत कर रहे हैं उन्होंने कहा कि दोनों विधायक मैं अच्छा मेल मिलाप है मेल जोड़ कर दोनों कार्य कर रहे हैं।उन्होंने कहा हर गांव गांव तक बूथ बूथ तक कांग्रेश के मेंबर मिलेंगे।सदस्यता अभियान अभी चालू रहेगा उन्होंने कहा कि 2018 में कांग्रेस ने तीनों सीट जीती थी इस बार 2023 में भी तीनों सीट जीतेगी।कांग्रेस पार्टी 2023 के चुनाव के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देगी बहुमत से मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी।इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस के अध्यक्ष फुन्देलाल सिंह मार्को,कोतमा विधायक सुनील सराफ के साथ ही प्रदेश कांग्रेस के सचिव प्रेम कुमार त्रिपाठी ,महासचिव रमेश सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आशीष त्रिपाठी, कमलनाथ फोरम के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र स्वरूप दुबे, पूर्व किसान कांग्रेस के अध्यक्ष डॉक्टर राज तिवारी ,मंडलम अध्यक्ष रियाज मंसूरी, सेवादल एहसान अली अंसारी ,राम सजीवन गौतम, दोमल सिंह, संतोष राठौर,राजन राठौर ,उत्तम पटेल ,रशीद मंसूरी जाकिर राठौर , नजीर अहमद आदि उपस्थित रहे।

# मारपीट के बाद हुई महिला की मौत, 3 आरोपी गिरफ्तार

## ▪रायपुर में पदस्थ चालक आरक्षक भी हत्या में शामिल



**कोरिया।** जिले के पटना थाना अंतर्गत मारपीट करने के बाद गंभीर चोट आने से महिला की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना में शामिल 3 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। उपरोक्त संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुखल राम पिता संतराम कुठार, उम्र 22 वर्ष निवासी कुडेली (खालपारा), थाना पटना, जिला कोरिया (छ.ग.) के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया की 9 मई 2022 की सुबह करीब 6 बजे जब वो गाय बैल छोड़ने के लिये खेत तरफ गया तो महिला शशिकला एक पेड़ के नीचे बैठी थी। तब मैं शशिकला को ले जाकर पानी पिलाया और बाद में शशिकला की मौत हो गई। रात करीब 3 बजे मृतिका और विजय को विजय का भाई रविन्द्र खलखो, अनिल, प्रकाश लोग मंदिर के पास रोड में लाठी डण्डा से मारपीट कर रहे थे। लाठी, डण्डा से मारपीट करने से आई चोट के कारण शशिकला की मृत्यु हुई है। रविन्द्र खलखो, प्रकाश, अनिल लोग शशिकला की हत्या किये है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। विवेचना के दौरान संदेही रविन्द्र खलखो, प्रकाश, अनिल से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उनके बयान के आधार पर आरोपियों से घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल पैसन प्रो और बांस का डंडा जप्त किया गया।

# पुलिस अनुविभाग अनूपपुर में अनुविभाग स्तर पर ली गई, ग्राम रक्षा समिति की बैठक




**अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री अखिल पटेल के निर्देशानुसार जिले में पहली बार अनुभाग स्तर पर ग्राम/रक्षा समिति की बैठक ली गई। जिसमें अनुभाग के थाना कोतवाली, थाना चचाई व थाना जैतहरी के सभी ग्राम रक्षा/नगर रक्षा समिति के सदस्य उपस्थित हुये। ग्राम रक्षा/नगर समिति के सदस्यों को अपने थाना क्षेत्र में कानुन व्यवस्था व लोक व्यवस्था बनाये रखने व अपराधों की रोकथाम, जागरूकता, व नियंत्रण में पुलिस का सहयोग करने तथा अधिक से अधिक नव युवकों को पुलिस से जुडने की अपील की गई। बैठक में एस.डी.ओ.पी. अनूपपुर सुश्री कीर्ति बघेल , रक्षित निरीक्षक श्रीमती अमिता सिंह, निरीक्षक के.के. त्रिपाठी थाना प्रभारी जैतहरी, निरीक्षक बी.एन. प्रजापति थाना प्रभारी चचाई, एवं उप निरीक्षक अजय टेकाम थाना कोतवाली तथा ग्राम/नगर रक्षा समिति के 60 सदस्य उपस्थित रहे।

# नारी शक्ति का अपमान कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने महिला विरोधी चरित्र का ऊजागर किया

**चम्पादेवी पावले,भाजपा प्रदेश महामंत्री(महिला मोर्चा)**

**कोरिया-** बैकुण्ठपुर। छग शासन के पूर्व संसदीय सचिव एवं मौजूदा भाजपा प्रदेश महामंत्री(महिला मोर्चा)चम्पादेवी पावले ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को महिला विरोधी बताते हुए कहा है कि अपनी कुशासन को छिपाने के लिए नायक मूवी के अमरीशपुरी बन चुके हैं।जो आम जनता के आवाज दबाने के लिए डांट फटकार का सहारा ले रहे हैं। उन्होनें आगे कहा है कि साढे तीन साल बीत जाने के बाद चुनाव नजदीक देख मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को आम जनता का सुध आया।आनन फानन में इनके द्वारा जनताओं का सीधा सामना करने की विवशता है।महज 3-4 दिन के दौरे पर मुख्यमंत्री ने देखा कि जनताओं में प्रदेश सरकार के प्रति असंतुष्टि व्याप्त है।जिसे छिपाने के लिये अधिकारियों को बलि का बकरा बना अपनी नाकामी छिपाने का प्रयास किया जा रहा है।मगर पूरे प्रदेश भर में असंतोष का व्याप्त माहौल देख मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के इशारे पर अधिकारियों के द्वारा आम जनता को रोक लिया जाता है।लेकिन अगर आम जनता फरियादी बनकर मुख्यमंत्री के समक्ष दुखड़ा बताया जाता है तो आईने के शौकीन मुख्यमंत्री को आईना दिखाने जैसा प्रतीत होता है।दुभाग्य है कि जो स्वयं प्रदेश का नेतृत्व करता है उनके द्वारा नेतागिरी न करने की नसीहत दी जाती है।सवाल यह है कि अगर राजनीति से मोह नही तो कुर्सी में बैठे क्यों हैं?और जब आपके अधिकारी अगर कर्तव्यनिष्ठ है तो रोज के रोज निलम्बन के कार्यवाही आखिर क्यों? महत्वपूर्ण प्रश्न यह भी है कि अगर आपको जनता के सवालों से कोई सरोकार नही तो फिर जगह जगह दौरे करने अथवा तामझाम करने का क्या मंशा है? अक्सर परिवारिक लड़ाई में उत्तेजना स्वभाव को देखने को मिल ही जाता है,लेकिन कुर्सी के रस्साकशी में जनता जनार्दन नारी शक्ति का अपमान प्रदेश की जनता नही सहेगी। आपकी आपसी रंजिश के लिये सरगुजा का अपना आपको महगा पड़ेगा।श्रीमती पावले ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को नसीहत देते हुये आगाह किया है कि उन्हें अपने कृत्य पर खेद व्यक्त कर माफी मांगनी चाहिये। विदित हो कि सुरजपुर जिले के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के दौरे में एक लड़की ने अपनी फरियाद सुनायी कि जिले के पुलिस अधीक्षक जो मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पीछे खड़े हैं,वह आपसे मिलने नही दिये हैं।लडकी अपनी बात पूरी भी नहीं कर पायी थी की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नेतागिरी न करने की सलाह देते हुए झूठ बोलने की बात कहा।



# महत्वाकांक्षी लक्ष्मी लाडली योजना के 15 वर्ष पूर्ण होने पर राजनगर में धूमधाम से मनाया गया उत्सव

**अनूपपुर/राजनगर।** प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय शिवराज सिंह चौहान जी के महत्वाकांक्षी योजना लक्ष्मी लाडली योजना के 15 वर्ष पूर्ण होने पर नगर परिषद बनगवां ( राजनगर ) एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ( बालक) राजनगर में धूमधाम से लाडली उत्सव मनाया गया द्य सर्वप्रथम सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, लक्ष्मी लाडली योजना में पाए हुए लाभान्वित परिवार एवं लाडलियां, नगर परिषद के कर्मचारी एवं अधिकारी ,जनप्रतिनिधि समाजसेवी एवं नगर वासियों की उपस्थिति में कार्यक्रम की रैली का आयोजन गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण ,कलश यात्रा के साथ नगर परिषद राजनगर में पहुंचकर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के द्वारा लक्ष्मी लाडली योजनाओं के पात्र लक्ष्मियों का टीका वंदन आरती कर उनके ऊपर फूलों की वर्षा कर परिषद में उनका भव्य स्वागत किया गया तत्पश्चात कन्याओं का चरण धोकर टीका वंदन कर, मीठा खिला कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।



## बेटियों को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में दो बेटियों में परिवार नियोजन अपनाने वाले माता-पिता को श्रीफल देकर सम्मानित किया गया एवं मेघावी छात्राओं को शील्ड देकर सम्मानित किया गया एवं बालिकाओं को पेन देकर शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया गया!

## योजना के बारे में दिया गया जानकारी

तत्पश्चात जनप्रतिनिधियों के द्वारा भाषण एवं मुख्यमंत्री जी के द्वारा इस प्रशंसनीय कार्य का वर्णन कर सभी को बताया गया इसका मुख्य उद्देश्य बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना बाल विवाह को रोकना साथ ही शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की पहल की गई



जिससे समाज में लिंग आधारित को दूर किया जा सके और कई मामलों में लाडली लक्ष्मी योजना के बारे में जानकारी दी गई कि सेक्टर राजनगर में 2007 से 2022 तक के रिकॉर्ड में महिला बाल विकास के द्वारा 1200 कन्याए पंजीकृत है सुपरवाइजर बीनू द्विवेदी द्वारा बताया गया कि लाडली उत्सव 2 मई से 11 मई तक चल रहा है जिसमें आगनबाड़ी केंद्रों में लाडली बालिकाओं हेतु अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं!

**मुख्यमंत्री का लाइव टेलीकास्ट दिखाया गया:** कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों के समक्ष माननीय मुख्यमंत्री जी का लाइव टेलीकास्ट संदेश वाचन समारोह हुआ एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य नागरिकों ने मुख्यमंत्री जी के अभिवाचन को सुना द्य मुख्यमंत्री जी के द्वारा बताई गई मुख्य बातें समाज में कन्याओं का महत्त्व बेटी है तो कल है का सबको संदेश दिए।

**कार्यक्रम को दो अलग-अलग स्थानों पर किया गया था:** प्रथम स्थान शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजनगर ( बालक ) में हुआ जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सरला सिंह थी एवं दूसरा स्थान नगर परिषद बनगवां ( राजनगर ) कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित मुख्य अतिथि नगर परिषद अधिकारी राजेंद्र कुशवाहा राजेश कलसा सुनीता सिंह अमित सेन गुप्ता मुकेश गौतम एवं राजनीतिक दल के नेता गण व समाज सेवी उपस्थित थे कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा एवं समस्त नगर परिषद कर्मचारी एवं सेक्टर राजनगर की सुपरवाइजर बीनू द्विवेदी एवं समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का योगदान रहा है!

# नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने महज 2 घंटे में किया गिरफ्तार

**कोरिया। जिले के केल्हारी थाना अंतर्गत नाबालिग बालिका को शादी का झांसा देकर भगा कर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने जनकपुर से गिरफ्तार कर नाबालिग को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।**



पूरे मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी केल्हारी जवाहरलाल गायकवाड ने बताया कि 4 मई 2022 को प्रार्थी उम्र 35 साल थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 30 अप्रैल 2022 से इसकी नाबालिग लड़की रात करीब 11 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई है। आस-पड़ोस रिश्तेदारी में भी उसका कोई पता नहीं चल रहा है। उसे आशंका है की उसे कोई बहलाफुसला कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 363 का अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस राकेश कुमार कुर्रे से आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त कर तत्काल टीम गठित कर महज 2 घंटे के अंदर नाबालिग पीड़िता को ग्राम जनकपुर के बृजलाल यादव के घर से राकेश पिता रामसिंह जाति चेरवा उम्र 21 साल निवासी कछौड़ गुडरूपारा के कब्जे से बरामद कर लिया गया। पीड़िता से जब महिला पुलिस अधिकारी ने पूछताछ की तो उसने बताया कि आरोपी राकेश करीब 3 वर्षों से शादी करने का झांसा देकर दैहिक शोषण कर बलात्कार कर रहा था और 30 अप्रैल 2022 को भगाकर बृजलाल यादव के घर जनकपुर ले जाकर पत्नी बनाकर रखा था और उसके साथ जबरन कई बार बलात्कार किया है। प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध धारा 366,376(2)(ढ) एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 4, 6 जोड़ कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक जे.एल. गायकवाड, प्रधान आरक्षक शेष नारायण सिंह, आरक्षक दीपक मिंज, भगत सिंह, मनोज राजवाड़े, सीताराम यादव, सोनकुंवर सिंह, प्रीति बिंदु की सराहनीय भूमिका रही।

# बोलते बताते 105 वर्ष की उम्र में राधा देवी अग्रवाल स्वर्ग लोक गमन कर गई

**अनूपपुर (ब्यूरो)।** कहते हैं पुराना जमाना पुराना जमाना ही था।उस समय का दूध, दही,घी, खानपान का मुकाबला आज नहीं है।जिसके कारण नगर के समाजसेवी बृज मोहन अग्रवाल, लोकतंत्र सेनानी मूलचंद्र अग्रवाल, हरीशचंद्र अग्रवाल, बालमुकुंद एवं महादेव अग्रवाल की माताजी राधा देवी अग्रवाल जिनको (बऊ) के नाम से सभी जानते थे 105 वर्ष की उम्र में भी बोलते बताते हुए स्वर्ग लोक को गमन कर गई।उनको



देखकर कोई सोच भी नहीं सकता था कि वह 105 वर्ष की हो चुकी हैं।सभी से बोलना बताना पुरानी बातों को लोगों के साथ शेयर करना पुराने लोगों को देखकर तुरंत पहचान लेना अपने आप में एक मिसाल थी।अनूपपुर में सबसे ज्यादा उम्र की महिला होने का खिताब भी उन्हें जाता है।उनके शरीर में पूरी शक्ति थी अपने दम पर चल फिर लेती थी।अभी हाल ही में हुए विधानसभा के उपचुनाव में मतदान में भी 105 वर्ष की होने के बाद भी उन्होंने हिस्सा लिया।उनके निधन की खबर से सर्वत्र शोक की लहर छा गई।काफी संख्या में लोगों ने उनके घर पहुंच कर अपनी शोक श्रद्धांजलि अर्पित की एवं ईश्वर से प्रार्थना की कि मृत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं ईश्वर उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दे।उनकी अंतिम यात्रा बैंड बाजे के साथ रघुपति राघव राजाराम पतित पावन सीताराम की धुन के साथ नगर का भ्रमण करते हुए सोन नदी स्थित मुक्तिधाम पहुंची जहां उनका अंतिम संस्कार की क्रिया उनके पुत्र महादेव अग्रवाल ने किया।

# जन आवाज मंच भोपाल मध्यप्रदेश के संगठन विस्तार को लेकर जिला स्तरीय विस्तारक बैठकों का आयोजन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के संगठन विस्तार को लेकर जिला स्तरीय विस्तारक बैठकों का आयोजन सम्पूर्ण प्रदेश में किया जा रहा है जिस क्रम में आज ग्वालियर संभाग के गुना, जिले में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन गुना कलेक्ट्रेट परिसर। के बने मंदिर परिसर में की गई अन्य में किया गया जिसमें म जिले के अनेकों योजनाओं के कर्मचारियों ने अपनी सहभागिता की बैठक में जन आवाज मंच प्रदेश कार्यालय की और से कार्यालय प्रभारी गोविंद सिंह लोधी शामिल हुए उन्होंने जन आवाज मंच के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा




कि आज मध्यप्रदेश में व हर वर्ग के लोग अपनी अपनी समस्याओं से पीड़ित हैं जिनकी कोई सुनने को तैयार नहीं है मध्यप्रदेश के सभी योजनाओं व परियोजनाओं में कार्यरत कर्मचारी शोषण से ग्रसित हैं कोई ऐसा फोरम नहीं है जहाँ कर्मचारी अधिकारी अपनी व्यथा सुना सके हम आप सभी के साथ मिलकर जन आवाज मंच के माध्यम से सरकार तक कर्मचारियों की बात मजबूती से पहुचाकर सरकार का ध्यान आकर्षित करेंगे आज हम सभी को समस्याओं से निजात पाने के लिए सभी को जन आवाज मंच को मजबूत करने की आवश्यकता है गुना में की गई जन आवाज मंच की बैठक में सभी सक्रिय साथी शामिल हुए व उन्होंने अपने अपने विचार रखें संगठन विस्तार को लेकर जिला अध्यक्ष श्री रवि चौकसे जी ने अपनी बात रखी बैठक में श्री रवि चौकसे, मुकेश रघुवंसी, अलग ,अलग गॉव के सी आर पी बहनों ने भागीदारी की साथी बैठक में उपस्थित हुए।अंत मे सभी साथियों का आभार व्यक्त किया।

# पहले बहू और अब वृद्ध महिला को जान से मारने का प्रयास

**■धार धार हथियार से वृद्ध महिला महिला के ऊपर हमला सर में लगी गहरी चोट ,प्राथमिक उपचार के बाद अनूपपुर रेफर**





**कोतमा।** ग्राम पकरिया में निवास करने वाली वृद्ध महिला के ऊपर अर्जुन नामक युवक ने धारदार हथियार से वार करते हुए महिला के सिर पर गहरी चोट दे डाली। मिली जानकारी के अनुसार पूर्व में भी पकरिया निवासी अर्जुन द्वारा वृद्धा की बहू पर जानलेवा हमले का प्रयास किया गया था। जिसकी शिकायत बिजुरी थाना अंतर्गत की गई थी। कार्यवाही ना होने से उपद्रवियों के बढ़े मनोबल ने दोबारा महिला के सिर पर गहरी चोट दे डाली।

मामला थाना बिजुरी का है जहां 6 मई की सुबह पकरिया ग्राम के ही व्यक्ति द्वारा वृद्धा तेरसिया बाई के घर में घुसकर आपसी रंजिश के कारण जानलेवा हमला किया गया। दरअसल मामला पुरानी रंजिश को लेकर था जहां अप्रैल में भी वृद्धा की बहू के ऊपर अर्जुन नामक व्यक्ति द्वारा मारपीट करने का प्रयास किया गया था जिसका मामला बिजुरी थाने अंतर्गत दर्ज है। परिजनों का कहना है कि पूर्व में हुई घटना को लेकर पुलिस द्वारा लापरवाही बरते जाने के कारण आरोपियों ने दोबारा हमला करने की हिमाकत की है अगर पुलिस विभाग द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाती तो इस तरह अवांछनीय तत्वों द्वारा दोबारा जानलेवा हमले का प्रयास नहीं किया जाता।

## गहरी चोट के बाद अनूपपुर रेफर

धारदार हथियार से गहरी चोट के बाद तेरसिया बाई को सुबह 4ः00 बजे बिजुरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हालत खराब होने पर अनूपपुर रेफर कर दिया गया है। अनूपपुर जिला चिकित्सालय में तेरसिया बाई का उपचार चल रहा है लेकिन कड़े रूप से कानूनी कार्यवाही ना होने के कारण तेरसिया बाई और उसका परिवार बेहद हताश है वही दो बार हुए हमले के कारण अब पूरा परिवार डरा सहमा घर में दुबक बैठा है साथ ही थाना प्रभारी बिजुरी और पुलिस अधीक्षक अनूपपुर से कार्यवाही की गुहार लगा रहा है देखना यह है कि 2 बार हुए हमले के बाद भी क्या पुलिस प्रशासन द्वारा कोई कड़ी कार्यवाही उक्त उपद्रवियों के ऊपर की जाती है या फिर इसी तरह बार-बार हमला कर रहे उपद्रवियों का तेरसिया बाई तथा उसके परिवार को मुसीबत का सामना करना पड़ेगा।

# छत्तीसगढ़ वन लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ अनिश्चित कालीन हड़ताल में उतरे

*__कोरिया।__ बैकुंठपुर वन लिपिक कर्मचारी संघ द्वारा विगत दिनों से अनिश्चित कालीन हड़ताल में जाने से पहले सरगुजा संभाग के मुख्य वन संरक्षक सरगुजा वन वृत अम्बिकापुर में 10 सूत्रीय माँग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। कर्मचारी संघ ने अपने ज्ञापन में कहा है कि हमारी दस सूत्रीय माँग को लेकर समस्त कर्मचारी धरने पर बैठे हैं संगठन ने अपने माँग पत्र में लिखा है कि लिपिक वन लिपिकीय लेखपाल को लेखा अधीक्षक पद पर समाहित किए जाने से लेकर वित्त विभाग की सहमति दिलाने की मांग की है इसके साथ छत्तीसगढ़ राज्य के अन्य विभागों की भांति वन विभाग में लिपिक कर्मचारियों को विभाग की परीक्षाओं का आयोजन हो जिससे 1 लिपिक वर्गीय कर्मचारी को राजपत्रित व उच्च पदों पर पदस्थ किया जा सके ,आगे अपने मांग पत्र में कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य के राजस्व*




*विभाग की भांति अधीक्षक पद को राजपत्रित अधिकारी का दर्जा दिए जाने के की भी बात कही है 7वन विभाग के अंतर्गत कंप्यूटर ऑपरेटर को पदोन्नति चैनल लागू करने के लेकर आंदोलन पर डटे वन विभाग के अंतर्गत कार्य वायरलेस ऑपरेटर को प्रमोशन करना व प्रशासकीय अधिकारी को अधिकारी के पद पर भी एवं वन मंडल कार्यालय में परिस्थिति किए जाने को लेकर अपनी मांग पत्र में लिखा है मांग पत्र के अनुसार वृत्त एवं वन मंडल कार्यालय में महिला कर्मचारी हेतु पृथक से रेस्ट रूम का निर्माण की जाए साथ ही मुख्यालय कार्यालय में क्षेत्रीय दलों से विभिन्न कार्यों के लिए लिपिकों को विश्राम प्रसाधन के लिए कुछ आवंटन करने की भी बात कही है एवं कर्मचारियों को प्रतिमाह 1000 की मोबाइल की मांग व कर्मचारी कल्याण से विभागीय पदोन्नति समिति में छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों को दिए जाने की मांग पत्र में दर्ज की है मांग पत्र में क्षेत्रीय कार्यालय लिपिक कर्मचारियों को उनके पद नाम से आवास निर्माण एवं मुख्यालय में छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय कर्मचारी कार्य हेतु आवंटन किए जाने की मांग पत्र सौंपा। संघ ने कहा है की जब तक हमारी माँग पूरी नही हो जाती तब तक हम इस आंदोलन में अड़े रहेंगे।*

## संपादकीय

### साक्षात्कारः सामाजिक कार्यकर्ता लखमीचंद यादव के प्रयासों से कई क्षेत्रों में आ रहा बदलाव



कुछ सामाजिक संगठन वास्तव में निस्वार्थ अपने काम को लेकर वाहवाही लूट रहे हैं। ऐसा ही एक संगठन 'भारतीय जनसेवा मिशन' है जो असहाय वर्ग को कानूनी सहायता और ग्रामीण क्षेत्रों की बालिकाओं को स्कूलों में भेजने का काम लंबे समय से कर रहा है। हजारों बच्चों का जीवन इस संगठन के अपने अथक प्रयास से सुधारा और सहेजा गया है। संघर्ष और जनसेवा को लेकर चलने वाले इस संगठन के मुखिया लखमीचंद यादव हैं जो पेशे से इंजीनियर हैं। लाखों की नौकरी त्याग कर अपना पूरा जीवन समाज सेवा को अर्पित कर दिया है। उनमें कैसे जगी समाज सेवा की ललक आदि बातों को जानने के लिए डॉ0 रमेश ठाकुर ने मिशन के अध्यक्ष लखमीचंद यादव से विस्तृत बातचीत की। पेश हैं बातचीत के मुख्य अंश-

**प्रश्नः समाज में फैली व्याप्त बुराईयों को मिटाने का बीड़ा मन में कैसे आया?**

उत्तर- लीक से हटकर काम करने की सभी को जरूरत है। शासन-प्रशासन के बूते सभी जिम्मेदारियां नहीं छोड़नी चाहिए? कहते हैं ना कि 'अपने लिए जिए तो क्या जिए'। औरों के लिए जो जीता है, वही मानव धर्म का थोड़ा बहुत भार उतार पाता है। हमारे आसपास समस्याओं की कमी नहीं है। समाज के प्रत्येक क्षेत्रों में असहाय, निर्धन, निर्बल व कमजोरों पर लगातार जुल्म-अत्याचार होते हैं। ग्रामीण अंचलों में तो इंतेहा हो रही है। उन्हें देखकर आंखें फेर लेना भी किसी पाप से कम नहीं। ऐसी घटनाओं को देखकर मन दुखी होता है, तभी एक सामाजिक संगठन गठित किया, जिसके चलते हम सामाजिक बुराइयों को दूर करने का प्रयास कर रहे हैं। लोगों की आवाज बनते हैं, उनके दुखों में हाथ बंटाते हैं।

**प्रश्नः किन क्षेत्रों में आपके संगठन की ज्यादा सक्रियता रहती है?**

उत्तर- बढ़ते सामंतवाद, जुल्म-अत्याचार, शोषण, उत्पीड़न को रोकने के लिए हमारा संगठन काम करता है। हमारे सदस्यों की कोशिशें यही रहती हैं कि हम पीड़ितों की हर संभव मदद करवा पाएं। महिला सुरक्षा व बालिका शिक्षा पर हमारा ज्यादा फोकस रहता है। ग्रामीण क्षेत्रों में बालिकाएं अभी स्कूलों से दूर हैं, और उन्हें स्कूल जाने के लिए कोई कहता भी नहीं है, ऐसी बच्चियों को हम स्कूल जाने के लिए प्रेरित करते हैं। हमारा मिशन दूर-दराज इलाकों, आदिवासी, घुमंतू व जनजातियों में ज्यादा सक्रिय है।

# अखिलेश से नहीं संभल पा रही समाजवादी पार्टी ऐसे में खुद कमान संभाल सकते हैं मुलायम

*पहले चाचा शिवपाल नाराज हुए और अब पूर्व मंत्री व रामपुर के विधायक मो. आजम खान नाराज बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि आजम के करीबी नेता शिवपाल के संपर्क में हैं और आने वाले समय में दोनों नेता एक खेमे में आ सकते हैं। वहीं सपा में निष्प्रयोज्य ही साबित कर दिए गए शिवपाल सिंह यादव के बेहतर प्रयोग पर विरोधी दल के रणनीतिकारों की नजर है। इस बीच आजम खान खेमे से उठे नाराजगी के स्वर चुगली कर रहे हैं कि अखिलेश अपनों के ही 'क्लेश' में घिरते जा रहे हैं। समाजवादी पार्टी के लिए चिंता की बात यह है कि दोनों ही नेताओं शिवपाल सिंह यादव और आजम खान का अच्छा प्रभाव उस 'मुस्लिम-यादव' वोट बैंक पर माना जाता है, जो 'एमवाई' फैक्टर साइकिल का सबसे बड़ा सहारा है।*

'नया नेतृत्व, नई समाजवादी पार्टी' के जुमले पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव की लगातार जारी नाकामयाबी के चलते ग्रहण लगता नजर आ रहा है। जबसे अखिलेश ने मुलामय सिंह यादव की जगह सपा की कमान संभाली है तब से वह दो लोकसभा और दो विधान सभा चुनाव हार चुके हैं। नगर निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी समाजवादी पार्टी बैकफुट पर ही नजर आई। रही-सही कसर विधान परिषद चुनाव में सूपड़ा-साफ होने से पूरी हो गई। विधान परिषद (एमएलसी) चुनाव में सपा का सूपड़ा साफ होने से ज्यादा पार्टी के लिए चिंता का विषय उसे अपने गढ़ में मिली पराजय है। एमएलसी के इस चुनाव में सत्तारुढ़ दल का दबदबा देखने को मिला और बीजेपी ने विधान परिषद में ऐतिहासिक जीत हासिल की। मुख्य विपक्षी दल के रूप में समाजवादी पार्टी का शून्य पर सिमटना बड़ी बात है। पार्टी में अंदरूनी कलह का ही नतीजा है कि सपा अपने गढ़ इटावा में भी हारी। यहां पार्टी की हार के कारणों में शिवपाल की नाराजगी भी मानी जा रही है। इटावा-फर्रूखाबाद सीट पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को भाजपा की तुलना में काफी कम वोट मिले। डूबते जहाज के समान बनी सपा के सामने अब आए दिन नई-नई चुनौतियां आ रही हैं।

पहले चाचा शिवपाल नाराज हुए और अब पूर्व मंत्री व रामपुर के विधायक मो. आजम खान नाराज बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि आजम के करीबी नेता शिवपाल के संपर्क में हैं और आने वाले समय में दोनों नेता एक खेमे में आ सकते हैं। वहीं सपा में निष्प्रयोज्य ही साबित कर दिए गए शिवपाल सिंह यादव के बेहतर प्रयोग पर विरोधी दल के रणनीतिकारों की नजर है। इस बीच आजम खान खेमे से उठे नाराजगी के स्वर चुगली कर रहे हैं कि अखिलेश अपनों के ही 'क्लेश' में घिरते जा रहे हैं। समाजवादी पार्टी के लिए चिंता की बात यह है कि दोनों ही नेताओं शिवपाल सिंह यादव और आजम खान का अच्छा प्रभाव उस 'मुस्लिम-यादव' वोट बैंक पर माना जाता है, जो 'एमवाई' फैक्टर साइकिल का सबसे बड़ा सहारा है। यदि मस्लिम और यादव वोट ही समाजवादी पार्टी से छिटक जाएंगे, तो आने वाले लोकभा चुनाव में सपा को भारी नुकसान हो सकता है। एक तरफ चुनावों में मिली हार, दूसरी ओर पार्टी में रार से सपा बिखरती जा रही है। उस पर पुराने समाजवादियों की अनदेखी के चलते पार्टी की और दुर्दशा हो रही है। अनदेखी से नाराज कई पुराने नेताओं ने या तो पार्टी से किनारा कर लिया है अथवा अपने को घरों में कैद कर लिया है। अखिलेश की कार्यशैली से आजम खान, शफीर्कुरहमान बर्क जैसे नेता ही नाराज नहीं हैं बल्कि परिवार में भी फूट पैदा हो चुकी है। चाचा शिवपाल यादव, बहू अपर्णा यादव के सपा से किनारा करने से




*■ सपा के अंदर सबसे अधिक बेचैनी पार्टी के संस्थापक शिवपाल सिंह यादव की पार्टी विरोधी सक्रियता को लेकर है। इसी वजह से सपा अपने पार्टी संरक्षक मुलायम सिंह यादव के जरिए नए सिरे से गोलबंदी शुरू कर सकती है।*

अखिलेश की सबसे अधिक किरकिरी हो रही है। इस बीच समाजवादी पार्टी के अंदरखाने से खबर आ रही है कि पार्टी की गिरावट को कैसे रोका जाए, इसका पता लगाने के लिए सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव स्वयं मोर्चा संभाल सकते हैं। सपा के अंदर सबसे अधिक बेचैनी पार्टी के संस्थापक शिवपाल सिंह यादव की पार्टी विरोधी सक्रियता को लेकर है। इसी वजह से सपा अपने पार्टी संरक्षक मुलायम सिंह यादव के जरिए नए सिरे से गोलबंदी शुरू कर सकती है। पुराने नेताओं व जनता तक मुलायम सिंह का संदेश पहुंचाने की रणनीति भी अपनाई जा रही है। दो दिन पहले मुलायम सिंह यादव का पार्टी कार्यालय में संबोधन इसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। इस रणनीति से पार्टी आगामी जुलाई माह में संभावित नगर निगम चुनावों में धमाकेदार उपस्थिति दर्ज कराने का भी सपना पाले हुए है। सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव को लेकर अभी दो खेमे बने हुए थे। ज्यादातर नेता अखिलेश यादव के साथ थे तो तमाम ऐसे भी थे जो खुद को मुलायमवादी बताते हुए शिवपाल सिंह के खेमे में खड़े थे। मुलायम भी गाहे-बगाहे शिवपाल की तारीफ करते हुए रहस्य बरकरार रखे थे, लेकिन अब यह सब बातें खत्म हो गई हैं। गौरतलब है कि इससे पूर्व तक शिवपाल को मुलायम का बायां हाथ माना जाता था। इसीलिए शिवपाल यादव ने जब परिवर्तन रथयात्रा स्थगित की तो यही कहा गया कि उन्होंने खुद को नेताजी (मुलायम सिंह यादव) के हवाले कर दिया है। मुलायम का हवाला देकर ही विधानसभा चुनाव में वे सपा खेमे में उतरे। अपने सहयोगियों को एक भी टिकट नहीं देने के बाद भी वह सपा के टिकट पर विधायक बने। लेकिन विधानसभा चुनाव के बाद उपजे हालात ने इस तस्वीर को साफ कर दिया। शिवपाल सिंह ने आजम खां के बहाने मुलायम सिंह पर हमला बोला तो सपा शिवपाल के इस बयान को मुलायम सिंह विरोधी बता कर भुनाने में लग गई। अखिलेश ने मुलायम सिंह को पूरी तरह से अपने पाले में कर लिया।

उधर, शिवपाल ने पार्टी के पुनर्गठन का ऐलान किया और फ्रंटल संगठनों की घोषणा की तो उसी दिन मुलायम सिंह यादव पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करने पहुंच गए। उन्होंने प्रदेश में सिर्फ दो पार्टी भाजपा और सपा होने का बयान दिया। सपा सूत्रों का कहना है कि यह घटनाक्रम संयोग मात्र नहीं है बल्कि सपा की सियासी रणनीति का हिस्सा है। अब पार्टी मुलायम सिंह यादव के संदेश को आम लोगों तक पहुंचाने में जुटी हुई है, मगर सवाल यही है कि मुलामय सिंह के कंधों पर चढ़कर सपा का कितना भला होगा या फिर नेताजी सपा को कितनी नई ऊर्जा प्रदान कर पाएंगे। क्योंकि मुलायम सिंह इस समय स्वास्थ्य समस्याओं से काफी घिरे हुए हैं। वैसे अखिलेश यादव ने अपने वाराणसी के दौरे के दौरान यह कह कर विरोधियों को पट करने की कोशिश की कोशिश जरूर की कि जेल से बाहर आते ही आजम खान हमारे साथ होंगे। दूसरी तरफ अखिलेश यादव भी अब पार्टी के नाराज नेताओं की चिंता छोड़कर योगी सरकार के खिलाफ हमलावर हो गए हैं। वह कानून व्यवस्था, चंदौली, बेरोजगारी, मंहगाई, बिजली कटौती आदि मुद्दों पर सरकार को घेरने में लगे हैं। अखिलेश मीडिया को बता रहे हैं कि उनकी (मीडिया) आवाज को भी दबाया जा रहा है। पत्रकारों पर फर्जी मुकदमें दर्ज हो रहे हैं।

# योगी मॉडल अपना कर ही अन्य राज्य कानून व्यवस्था की स्थिति को सही कर सकते हैं

**आजकल** देश भर में हर जगह योगी मॉडल की चर्चा है। भाजपा शासित राज्य मध्य प्रदेश हो या विरोधी दलों द्वारा शासित राजस्थान और महाराष्ट्र या देश की राजधानी दिल्ली सभी जगह में बुलडोजर, लाउडस्पीकर, सड़क पर अजान को लेकर फसाद और राजनीति दोनों ही रही हैं। इन हंगामों के बीच उत्तर प्रदेश का योगी मॉडल पूरे भारत में लोकप्रिय होता जा रहा है तथा देश के कई राज्यों में जन सामान्य योगी मॉडल को लागू करने की मांग कर रहा है। भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने तो इस दिशा में कदम भी बढ़ा दिए है लेकिन राजस्थान, महाराष्ट्र, दिल्ली और बिहार जैसे राज्यों में मुस्लिम तुष्टिकरण करने वाले शासक इसका खुलकर विरोध कर रहे हैं



और इसे मुस्लिम समाज पर अत्याचार बता रहे हैं।

नया उत्तर प्रदेश अपने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सधे हुए कदमों के कारण सही दिशा में चल पड़ा है। आज प्रदेश में वह सभी काम शांति पूर्वक संपन्न हो रहे हैं जिनकी कभी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। सभी प्रदेशवासी अपने अपने पर्वों को शांति के साथ मना पा रहे हैं। प्रदेश में सभी धर्मों और सभी की आस्था का सम्मान किया जा रहा है लेकिन किसी को भी धर्म व आस्था का भोंडा प्रदर्शन करने का अधिकार नहीं है। प्रदेश के इतिहास में पहली बार मंदिरों और मस्जिदों से लाउडस्पीकर को या तो उतार दिया गया है या फिर उनकी आवाज को सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों के अनुरूप कम कर दिया गया है। प्रदेश में धार्मिक स्थलों पर लगे हुए अवैध लाउडस्पीकरों के लिए चलाये गये एक सप्ताह के विशेष अभियान में कानून का पालन करते हुए एक लाख से अधिक लाउडस्पीकर उतरवाये गये या फिर उनकी ध्वनि कम की गई। ऐसा पहली बार हुआ कि जब ऐसे अभियान में पुलिस को कहीं भी विरोध का सामना नहीं करना पड़ा। मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा हर जगह धर्म गुरुओं को विश्वास में लेकर नियम व कानून का पालन कराया गया। प्रदेश में यह एक वृहद अभियान था इसमें हर धर्म, जाति, वर्ग और समुदाय के लोगों ने पूरा सहयोग किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस अभियान की सफलता की सराहना पूरे देश में हो रही है।

## केजरीवाल की ही चिंता करेगी पंजाब पुलिस या अपने राज्य पर भी ध्यान देगी?

**दिल्ली** के भाजपा नेता तेजिन्द्र पाल बग्गा की विवादित गिरफ्तारी के बाद लगने लगा है कि बदलाव के नाम पर पंजाब में सत्तारुढ़ हुई आम आदमी पार्टी की सरकार अब बदलाखोरी की कार्रवाईयों में व्यस्त है। रोचक है कि इस तरह की कार्रवाईयां पंजाब के किसी नेता को लेकर नहीं बल्कि दिल्ली के मुख्यमन्त्री अरविन्द केजरीवाल को लेकर हो रही हैं।

इनसे प्रभावित लोग दिल्ली के और इनका कारण भी दिल्ली के ही मुख्यमन्त्री हैं परन्तु रणस्थल पंजाब को बनाया जा रहा है। केजरीवाल जो देश में लोकतन्त्र की चिन्ता को लेकर दिन रात दुबले पतले होते रहते हैं परन्तु पंजाब जैसे पूर्ण दर्जा प्राप्त राज्य में सत्ता में आते ही अपना असली रंग दिखाने लगे हैं। देश के इस सीमावर्ती राज्य में आम आदमी पार्टी की सरकार के मात्र माह-डेढ़ माह के कार्यकाल में राजनीति से प्रेरित तीन मामले दर्ज हो चुके हैं जिनके केन्द्र में केजरीवाल ही हैं। इनको देख कर पंजाब की जनता पूछने लगी है कि क्या पंजाब पुलिस (पीपी) केजरीवाल की




प्राइवेट पुलिस (पीपी) बन रही है? क्या पंजाब सरकार दिल्ली की डुगडुगी पर नाचती है? कश्मीरी हिन्दुओं के दुखान्त पर बनी 'दि कश्मीर फाइल्स' को दिल्ली में करमुक्त करने पर मुख्यमन्त्री अरविन्द केजरीवाल ने संवेदनहीन बयान देते हुए कहा था कि इसे यू-ट्यूब पर डाल दो बिल्कुल मुफ्त हो जाएगी। इसको लेकर भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली इकाई के प्रवक्ता तेजिन्द्रपाल सिंह बग्गा ने मुख्यमन्त्री की कड़ी आलोचना की। इसी आलोचना से चिढ़ कर केजरीवाल की पार्टी के पंजाब प्रवक्ता सन्नी आहलूवालिया न मोहाली में बग्गा के खिलाफ केस दर्ज करवाया।

# गढ़ी में अमृत सरोवर के निर्माण कार्य का कलेक्टर ने लिया जायजा

**रायसेन।** प्रदेश के साथ ही जिले में भी आादी के अमृत महोत्सव के तहत जल संग्रहण संरचनाओं अर्थात अमृत सरोवरों का निर्माण अभियान के तौर पर किया जा रहा है। इन अमृत सरोवरों का निर्माण गुणवत्ता के साथ हो तथा बारिश का अधिक से अधिक पानी संग्रहित किया जा सके। इसके लिए कलेक्टर अरविन्द कुमार दुबे जिले में भ्रमण कर अमृत सरोवरों के निर्माण कार्य का जायजा लिया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को कलेक्टर ने गैरतगंज जनपद की ग्राम पंचायत गढ़ी का भ्रमण कर निर्माणाधीन अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित जिला पंचायत सीईओ पीसी शर्मा सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सरोवर में बारिश का अधिक से अधिक पानी एकत्रित हो, इसका ध्यान रखा जाए। साथ ही निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण किया जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि अमृत सरोवरों के निर्माण में



जनसहभागिता भी ली जाए। जिला पंचायत सीईओ शर्मा तथा ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री भावेश अग्रवाल ने अमृत सरोवर के संबंध में बताया कि इसका केचमेंट एरिया एक वर्ग किलोमीटर है तथा जल संग्रहण क्षमता 25000 क्यूबिक मीटर है। इस सरोवर के निर्माण में सुल्तान खॉं द्वारा 8 घण्टे के लिए तथा भागचंद चौरसिया द्वारा 10 घण्टे के लिए पोकलेन मशीन स्वयं की ओर से उपलब्ध कराई गई है। साथ ही 324 मानव दिवस सृजित किए गए हैं। अमृत सरोवर कई उद्देश्यों को पूरा करेंगे। अमृत सरोवरों से जल संकट दूर होगा। भूमिगत जल स्तर बढ़ेगा साथ ही आसपास पौधरोपण से पर्यावरण संरक्षण भी होगा। आादी के अमृत महोत्सव स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाले शहीदों और नायकों का स्मणोत्सव भी है अतः प्रत्येक जिले में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के गांवों प्राथमिकता पर अमृत सरोवर बनाए जा रहे हैं।

## जनसहभगिता भी हो अहम

अमृत सरोवर से स्थानीय नागरिकों का जुड़ाव बढ़ाने और भविष्य में भी अपनेपन की भावना से अमृत सरोवर की देखभाल, संरक्षण के लिए अमृत सरोवर के निर्माण में जनसहभागिता ली जाएगी। अमृत सरोवर के निर्माण में ग्रामीण सामग्री, श्रम अथवा मशीनों के रूप में अपनी सहभागिता कर सकेंगे। योगदान देने वाले ग्रामीणों के नाम सूचनाफलक पर प्रदर्शित किए जाएंगे। वर्ष में एक बार अमृत सरोवर की संरचना का रखरखाव ग्रामीणों के सहयोग से किया जाएगा।

# महाविद्यालय व स्कूल के 100 मीटर के दायरे में खुली शराब दुकान

**रायसेन, बेगमगंज।** बेगमगंज में शासकीय पं. दीनदयाल उपाध्याय महाविद्यालय व महर्षि कान्वेंट स्कूल के आगे शराब की दुकान खुली हुई है। महाविद्यालय के छात्र- छात्राओं में शराब दुकान को लेकर आक्रोश देखा जा रहा है। जगह-जगह शराब की बोतलें और लहराते हुए शराबी नजर आते हैं। आसपास के दुकानदार व रहवासी परेशान हैं। पूर्व में भी छात्र-छात्राओं समेत गल्ला व्यापारी और नागरिक शराब दुकान हटाने की मांग कर चुके हैं, लेकिन विभागीय अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## आंदोलन की चेतावनी दी है

बेगमगंज की कम्पोजिट देशी-विदेशी मदिरा समूह की लायसेंस फीस 12 करोड़ रुपय है। ऐसे में उस दुकान को लेकर अधिकारी भी कोई विरोध नहीं करना चाहते। जिसका फायदा संबंधित ठेकेदार उठा रहा है। शराब दुकान को लेकर छात्र-छात्राओं एवं क्षेत्रवासियों में खासा रोष व्याप्त है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को चेतावनी दी कि शराब दुकान को हटाया नहीं गया तो वे इसके लिए सड़क पर उतर कर आंदोलन करेंगे। जिसकी समस्त जवाबदारी विभाग की होगी। आबकारी नीति के तहत किसी भी शैक्षणिक संस्थान से शराब दुकान 100 मीटर दूर रहना चाहिए, लेकिन




यहां पर भी ऐसा नहीं हुआ। शासकीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाविद्यालय परिसर से करीब 50 मीटर दूर शराब दुकान खुली है। वहीं मान्यता प्राप्त एक निजी स्कूल महर्षि कान्वेंट भी करीब है। इससे छात्रों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। शासकीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का यहां आना जाना रहता है। मुख्य सड़क से जब छात्राएं गुजरती हैं तो शराबी उन्हें घूरते हुए उनके बारे में अनाप-शनाप बातें करते हैं। शाम के समय नगर के लोग घूमने के लिए जाते थे, लेकिन शराबियों का मुख्य मार्ग पर जमावड़ा देख अब वहां आना जाना बंद किया। आम लोगों का शाम होने के बाद तो शराब दुकान से सामने से निकलना मुश्किल हो जाता है। शराबियों का जमघट और उत्पात मचाते लोगों के कारण महिलाएं भी यहां से जाना पसंद नहीं करती। शासकीय आईटीआई और शासकीय कालेज और एक निजी स्कूल और मंडी परिसर से महज चंद कदम दूर ही अंग्रेजी शराब दुकान चल रही है।

# लाड़ली लक्ष्मी उत्सव में बालिकाओं का तिलक लगाकर सम्मान किया

**बेगमगंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 11 में स्थित आंगनबाड़ी में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें अतिथि के रूप में जिला मीडिया प्रभारी हरि साहू एवं पंडित सत्यजीत दुबे शामिल हुए। सर्वप्रथम अतिथियों ने लाड़ली लक्ष्मी योजना की बालिकाओं काव्या जैन, वैशाली शिल्पकार, जया साहू, नीलिमा साहू, नमामि उदैनिया, मोहनी नामदेव, नव्या शिल्पी, रिया राठौर, गुनगुन राठौर, स्वाति साहू, सोनाली पंथी, वैष्णवी साहू, निधि शिल्पकार को तिलक लगाकर उनसे आशीर्वाद लिया उसके तत्पश्चात उन्हें गिफ्ट देकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वर्षा राठौर, सहायिका संगीता सेन समेत बड़ी संख्या में बालक, बालिकाएं और माताएं उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम 2 मई से 11 मई तक किए जा रहे हैं। इस उत्सव के तहत अलग-अलग तारीखों में अनेक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इन कार्यक्रमों में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का उद्देश्य बालिकाओं के सम्मान, सुरक्षा, मनोरंजन, मार्गदर्शन, संवाद एवं लाड़ली लक्?मी योजना के लिए जन जागरूकता लाना है।

# उत्कृष्ट विद्यालय का खेल मैदान बना शराबियों का अड्डा



**सिलवानी।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के खेल मैदान को शराबियों ने अड्डा बना लिया है। रात होते ही शराब की बोतलें व अन्य सामग्री लेकर लोग मैदान पर पहुंच जाते हैं। बोतलें मैदान पर ही छोड़ जाते हैं। जिससे सुबह के समय खेलों का अभ्यास व सैरसपाटा करने वाले बच्चों को खासी परेशानी उठाना पड़ती है। कई बार छोटे- छोटे बच्चे टूटी हुई बोतलों के बिखरे कांच से चोटिल भी हो चुके हैं। लेकिन प्रशासन इस समस्या से बेखबर बना हुआ है। बताया जा रहा है कि शराबी देशी- विदेशी शराब दुकान से बोतलें लेकर पानी व नमकीन के पाउच के साथ मैदान में रात होते ही पहुंच जाते हैं। जहां पर देर रात तक सुरा प्रेमियों का मजमा लगा रहता है। खुले आम धड़ल्ले से शराब पीने वाले इन लोगों को प्रशासन का जरा भी भय नहीं है। वह न केवल शराब पीने के बाद शराब की खाली बोतल व पानी, नमकीन के खाली पाउच मैदान पर बिखेर जाते हैं। यहां तक कि कांच की बोतल को तोड़ कर फेंक देते हैं। कांच बच्चे के पैर में चुभ जाते हैं।

## नहीं है बाउंड्रीवाल

उत्कृष्ट विद्यालय के खेल मैदान में बाउंड्रीवाल नहीं है। इस कारण यहां शराबी रात में अड्डा बनाने के साथ ही कई लोग अपने वाहन कार, जीप, ट्रैक्टर, लोडिंग वाहन यहां खड़े करते हैं। खेल मैदान पर से ओपन अहाता को समाप्त करने के साथ ही वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी लगाए जाने के लिए स्कूल प्रबंधन व प्रशासन को मिलकर मैदान के खुले हिस्से पर बाउंड्रीवाल का निर्माण कराना चाहिए। जिससे कि पूरा परिसर सुरक्षित हो सकेगा। खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों तथा स्कूली बच्चों ने बाउंड्रीवाल निर्माण की मांग की है।


















# सोशल मीडिया:सिनेमा में अर्जुन कपूर ने पूरे किए 10 साल तो मलाइका ने यूं जताया प्यार

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर ने सिनेमा जगत में अपने 10 साल पूरे कर लिए हैं। अभिनेता ने बॉलीवुड में फिल्म इशकजादे से डेब्यू किया था। अपनी पहली फिल्म में ही अर्जुन कपूर ने धमाल मचा दिया। परिणीति चोपड़ा संग उनकी केमिस्ट्री को दर्शकों ने खूब पसंद किया, जिसका नतीजा फिल्म को भी जबरदस्त सफलता हासिल हुई। इस मौके पर अर्जुन कपूर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया, जिसके जरिए उन्होंने बताया कि वह आज भी ऐसा महसूस करते हैं, जैसे शूटिंग का पहला दिन हो।

अर्जुन कपूर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जो उनकी कार का है। इस वीडियो से साफ है कि वह सुबह-सुबह अपने काम के लिए बाहर निकले हैं। वीडियो में कार का शीशा दिख रहा है, जिसमें अर्जुन कपूर फोन के कैमरे से वीडियो बनाते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के साथ अर्जुन कपूर ने लिखा, आज जब मैं काम पर निकला, तो मुझे रोशनी की पहली किरण में भीगने के लिए आभारी महसूस हुआ। इस इंडस्ट्री में एक दशक तक काम करने के बाद भी आज भी ऐसा लगता है जैसे शूटिंग का पहला दिन हो।




## सोशल मीडिया पर अर्जुन कपूर और मलाइका का प्यार

*अर्जुन कपूर के इस वीडियो को मलाइका अरोड़ा ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर शेयर किया है। इस वीडियो के साथ मलाइका ने अर्जुन के लिए प्यार भरा संदेश भी लिखा। मलाइका ने लिखा, बधाई हो!!! कई और दशक तक अर्जुन कपूर। अर्जुन कपूर ने भी मलाइका अरोड़ा की इस इंस्टा स्टोरी को रीशेयर करते हुए लिखा, उम्मीद है इतने छोटे आउटडोर के साथ मुझे इतने लंबे समय तक दूर नहीं रहना पड़ेगा। इसके साथ अर्जुन कपूर ने मलाइका के लिए एक हार्ट इमोजी भी लगाया।*

## अर्जुन ने ये तस्वीरें भी कीं शेयर

इसके अलावा अर्जुन कपूर ने इंस्टाग्राम पर अपनी पहली फिल्म के सेट की कुछ तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वह और परिणीति चोपड़ा एक साथ दिखाई दे रहे हैं। इन तस्वीरों के साथ अर्जुन कपूर ने एक प्यारा नोट लिख, %फिल्म इंडस्ट्री में दस साल। मैं आदि सर और डायरेक्टर हबीब फैसल का एहसानमंद हूं, जिन लोगों ने मुझे इशकजादे जैसी फिल्म दी। एक ऐसी फिल्म, जिससे मेरा हीरो बनने का सपना पूरा हुआ। कई यादें और प्यार ये फिल्म देती है। शुक्रिया। एक आर्टिस्ट के तौर पर मैं गर्व से कहता हूं कि काम अभी जारी है। हर एक फिल्म कुछ सीखने और बेहतर करने के लिए मौका देती है। मुझे इतने अच्छे प्रोड्यूसर और डायरेक्टर मिले। ये सफर उतार-चढ़ाव से भरा रहा था।

# फिल्मी है महेश बाबू-नम्रता शिरोडकर की लव स्टोरी




साउथ सुपरस्टार महेश बाबू इन दिनों बॉलीवुड पर दिए गए बयान की वजह से सुर्खियों में हैं। हाल ही में उन्होंने कहा कि बॉलीवुड के लोग उन्हें अफोर्ड नहीं कर सकते हैं। उनके इस बयान के बाद से ही वह लगातार चर्चा में हैं। महेश बाबू की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल तो होती ही हैं साथ ही उनकी लव लाइफ भी काफी सक्सेसफुल रही है। उन्होंने जानी-मानी फिल्म एक्ट्रेस नम्रता शिरोडकर से शादी की है। साउथ में दोनों सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले कपल्स में से एक हैं।

## साल 2005 में की थी शादी

महेश बाबू और नम्रता ने पांच साल तक एक दूसरे को डेट करने के बाद शादी करने का फैसला लिया था। दोनों ने 10 फरवरी 2005 को सात फेरे लिए। एक इंटरव्यू के दौरान नम्रता ने बताया था कि वह डेटिंग के दो साल बाद ही महेश से शादी करना चाहती थीं लेकिन वर्क कमिटमेंट की वजह से दोनों को शादी करने में पांच साल लग गए। पहली बार दोनों की मुलाकात साल 2000 में फिल्म वामसी के सेट पर हुई थी।

# कंगना रणौत के लिए लड़का ढूंढेंगे अर्जुन रामपाल, बोले- मैं बता सकता हूं कौन है उनके काबिल

बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रणौत और अर्जुन रामपाल इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म धाकड़ के प्रमोशन में काफी बिजी हैं। फिल्म को हिट कराने के लिए पूरी टीम जमकर मेहनत कर रही है। इस बीच एक इंटरव्यू के दौरान अर्जुन रामपाल ने कंगना की तारीफ करते हुए उनके लिए रिश्ता ढूंढने की बात कही है। अर्जुन रामापाल ने कहा कि वह एक कमाल की एक्ट्रेस हैं और परफेक्ट दुल्हन हैं। उन्होंने कहा कि उनका बोलने का स्टाइल थोड़ा धाकड़ है लेकिन वह कमाल की इंसान हैं। इंटरव्यू के दौरान अर्जुन ने कहा कि कंगना एक अद्भुत कलाकार, ईश्वर से डरने वाली और योग से प्यार करने वाली इंसान हैं। वह उतनी भी सीरियस नहीं हैं जितना लोगों को लगता है। बातचीत के दौरान उन्होंने यहां तक कह दिया कि वह यह भी बता सकते हैं कि उनके लिए परफेक्ट कौन रहेगा। इस दौरान कंगना रणौत ने अर्जुन के लिए कहा कि उनकी तरह ही वह भी काफी कॉन्ट्रोवर्शियल रहे हैं, लेकिन एक्टर को कोई कुछ नहीं कहता और न ही प्रेस में इस पर कोई बात छपती है।



# मानुषी छिल्लर ने बांधे अक्षय कुमार की तारीफों के पुल




# बोलीं- सुपरस्टार के साथ काम करना बड़ी जिम्मेदारी

*__मुंबई।__ मिस वर्ल्ड रह चुकीं मानुषी छिल्लर जल्द ही बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। फिल्म पृथ्वीराज से वह फिल्मी दुनिया में लीड एक्ट्रेस के तौर पर शुरुआत कर रही हैं। इस फिल्म में वह राजकुमारी के किरदार में नजर आने वाली हैं। फिल्म को लेकर वह काफी ज्यादा उत्साहित हैं। मानुषी के मुताबिक इतनी बड़ी फिल्म में काम करना किसी सपने के जैसा है। मानुषी ने फिल्म में काम करने को लेकर कहा कि सुपरस्टार अक्षय कुमार के साथ पहली फिल्म करना किसी सपने के सच होने जैसा है। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म के डायरेक्टर चंद्र प्रकाश द्विवेदी की भी जमकर तारीफ की। फिल्म के ट्रेलर को मिल रही प्रतिक्रिया पर उन्होंने कहा, पृथ्वीराज के ट्रेलर में लोगों ने मेरी परफॉर्मेंस देखी और सराहना कर रहे हैं। यह आशर्यजनक है। मेरे लिए इस फिल्म से डेब्यू करना सपना सच होने जैसा है। मैं बहुत आभारी हूं कि मुझे राजकुमारी संयोगिता के जीवन को बड़े पर्दे पर निभाने का मौका मिल रहा है। उन्होंने आगे कहा, अक्षय कुमार जैसे देश के बड़े सुपरस्टार के साथ पहली फिल्म में काम करना एक बहुत जिम्मेदारी है और मुझे लगता है कि मैंने इस भूमिका को पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाया है। इसलिए दर्शकों से आज मुझे विनम्र प्रतिक्रिया मिल रही है। बता दें कि फिल्म पृथ्वीराज पृथ्वीराज रासो पुस्तक पर आधारित है, जो निडर राजपूत राजा पृथ्वीराज चौहान के जीवन और वीरता का दस्तावेज है। अक्षय कुमार उस महान योद्धा पृथ्वीराज की भूमिका निभा रहे हैं। यह फिल्म यशराज के बैनर तले बनी पहली ऐतिहासिक फिल्म है।*



- *यह फिल्म 3 जून को हिंदी, तमिल और तेलुगू में रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है।*

# सपना चौधरी के सुसाइड करने की कोशिश से लेकर बेटे के जन्म तक पर मच चुका है बवाल

हरियाणवी डांसर और सिंगर सपना चौधरी अपने गाने और डांस से हर किसी को दीवाना बना देती हैं। आज वह किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। सपना चौधरी को देसी क्वीन के नाम से भी जाना जाता है। उनके गाने ऑनलाइन तो रिलीज होते ही रहते हैं साथ ही वह कई बार स्टेज शो भी करती है, जिसमें जबरदस्त भीड़ देखने को मिलती है। अपने काम की वजह से तो सपना सुर्खियों में रहती ही हैं, इसके अलावा उनकी निजी जिंदगी भी खूब विवादों के चलते खूब चर्चा में रही है। पढ़ें सपना चौधरी से जुड़े कुछ विवादों के बारे में जिनको लेकर खूब हंगामा हुआ।



## जब सपना ने की सुसाइड की कोशिश

डांसर सपना चौधरी हमेशा से अपनी बेबाकी के लिए जानी जाती हैं, लेकिन उनकी जिंदगी भी कम मुश्किलों से भरी नहीं रही है। एक समय ऐसा भी था जब उन्होंने सुसाइड करने की कोशिश भी की थी, जिसके वजह से वह अस्पताल भी पहुंच गई थीं और उनकी जान जाते-जाते बची थी। बताया जाता है कि उन्होंने जहर खाया था।

## जब बिग बॉस में मचा बवाल

सपना चौधरी ने बिग बॉस 11 में एंट्री की थी और बिग बॉस के घर में भी वह कई बार विवादों में फंसी। शो के दौरान सपना ने प्रियांक के कहने पर अर्शी खान के 'गोआ पुणे' स्कैंडल के बारे में कुछ ऐसा बोल दिया था, जिसके बाद मामले ने काफी तूल पकड़ लिया था।

## बेटे को लेकर मचा जमकर बवाल

सपना चौधरी ने अचानक प्रशंसकों को यह जानकारी देकर हैरान कर दिया था कि वह मां बन गई हैं। जहां फैंस ने उन्हें बेटे को जन्म देने पर बधाइयां देना शुरू कर दी थीं, वहीं कुछ लोगों ने उन्हें बुरी तरह ट्रोल किया था। नौबत यहां तक आ गई थी कि मामला पुलिस तक पहुंच गया था।

खुलते ही औंधे मुंह गिरा शेयर बाजार

# सेंसेक्स 1000 अंक से ज्यादा टूटा, निफ्टी 16000 से नीचे



**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला जारी है। गुरुवार को सेंसेक्स 589 अंक या 1.09 फीसदी टूटकर 53,499 के स्तर पर खुला, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी सूचकांक ने 169 अंक या 1.05 फीसदी की गिरावट के साथ 16000 के नीचे 15,998 के स्तर पर कारोबार शुरू किया।

कमजोर वैश्विक बाजारों के बीच सप्ताह के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 589 अंक या 1.09 फीसदी टूटकर 53,499 के स्तर पर खुला, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी सूचकांक ने 169 अंक या 1.05 फीसदी की गिरावट के साथ 16000 के नीचे 15,998 के स्तर पर कारोबार शुरू किया। खुलने के साथ ही दोनों सूचकांकों में गिरावट और तेज हो गई। फिलहाल की बात करें तो फिलहाल, बीएसई का सेंसेक्स 1027 अंक फिसलकर 53,060 के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि निफ्टी 295 अंक तक टूट चुका है। बाजार खुलने के साथ ही लगभग 442 शेयरों में तेजी आई, 1488 शेयरों में गिरावट आई और 65 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। इससे पहले बीते कारोबारी दिन बुधवार को शेयर बाजार के दोनों इंडेक्स हरे निशान पर खुले, लेकिन दिनभर के कारोबार के बाद लाल निशान पर बंद हुए थे।

सेंसेक्स 276 अंक या 0.51 फीसदी की गिरावट के साथ 54,088 के स्तर पर, जबकि निफ्टी 73 अंक या 0.45 फीसदी फिसलकर 16,167 के स्तर पर बंद हुआ था। यहां बता दें कि घरेलू शेयर बाजारों में पिछले चार कारोबारी दिनों से गिरावट का जो सिलसिला जारी रहने से निवेशकों को बुधवार तक 13.32 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। वहीं गुरुवार को आई गिरावट ने उन्हें और घाटा कराया है। बुधवार तक बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण चार कारोबारी सत्रों में 13,32,898.99 करोड़ रुपये घटकर 2,46,31,990.38 करोड़ रुपये रह गया था। इसके साथ ही सेंसेक्स की बात करें तो बीते शुक्रवार से जारी गिरावट के दौर में इस अवधि में सेंसेक्स 1,613.84 अंक यानी 2.89 प्रतिशत तक टूट चुका है।

# बढ़ते कदमः भारत में पहली 5जी कॉल अगस्त से, जून से जुलाई के बीच होगी स्पेक्ट्रम की नीलामी

*एजेंसी, नईदिल्ली। सूत्रों ने कहा, स्वदेशी 5जी निजी कंपनियों के लिए आकर्षक और आर्थिक रूप से व्यावहारिक होगा। देश में पहली 5जी कॉल के समय संबंधी सवाल पर कहा, यह अगस्त-सितंबर में संभव होगी। देश में पहली 5जी कॉल अगस्त-सितंबर में होने की उम्मीद है। सरकारी सूत्रों ने कहा, इसके लॉन्च होने के बाद भारत न सिर्फ 5जी दूरसंचार प्रौद्योगिकी में बड़ी छलांग लगा सकेगा बल्कि वैश्विक स्तर पर एक भरोसेमंद खिलाड़ी के रूप में इसकी स्थिति भी मजबूत होगी। सूत्रों ने कहा, स्वदेशी 5जी निजी कंपनियों के लिए आकर्षक और आर्थिक रूप से व्यावहारिक होगा। देश में पहली 5जी कॉल के समय संबंधी सवाल पर कहा, यह अगस्त-सितंबर में संभव होगी। इसके लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी जून से जुलाई के बीच होने के लिए सही राह पर है। हालांकि, नीलामी में स्पेक्ट्रम आवंटन 20 या 30 साल के लिए होगा या नहीं, इस पर अभी कोई स्पष्टता नहीं है।*



## दूरसंचार मंत्री बोले- कीमतों को लेकर उद्योग की चिंता दूर करेंगे

दूरसंचार नियामक ट्राई ने 30 वर्षों में आवंटित रेडियो वेव के लिए कई बैंडों में आधार मूल्य पर 7.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक की एक नीलामी की योजना तैयार की है। उन्होंने कहा कि हम समय पर इस नीलामी करेंगे। अगर सरकार 30 सालों की अवधि के लिए स्पेक्ट्रम आवंटन करती है तो ट्राई एक लाख मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम की नीलामी के लिए सिफारिश की है। अगर 20 साल के लिए आवंटन होता है तो आरक्षित मूल्य के आधार पर इसकी कुल वैल्यू 5.07 लाख करोड़ रुपये होगी। 5जी के लिए भले ही ट्राई ने स्पेक्ट्रम की कीमतों में 39 फीसदी की कटौती की सिफारिश की है, लेकिन बावजूद इसके दूरसंचार कंपनियों का मानना है कि अभी भी भारत में 5जी स्पेक्ट्रम की कीमतें दुनिया के मकुाबले ज्यादा हैं। मंत्री ने कहा कि जहां तक स्पेक्ट्रम की कीमतों से जुड़ी ट्राई की सिपारिशों की बात है तो इसका जल्द ही अच्छा हल निकाला जाएगा। इससे यह संकेत मिल रहा है कि आने वाले दिनों में कीमतों में कुछ और बदलाव हो सकता है। कीमतों से संबंधित उद्योग की चिंताओं को भी सुलझाया जाएगा। दूरसंचार मंत्रालय के मुताबिक, 5जी स्पेक्ट्रम के लिए कितना शुल्क कंपनियां देंगी, इस पर फिलहाल ट्राई और दूरसंचार कंपनियों के बीच एकमत नहीं है। नीलामी की प्रक्रिया को प्रतिस्पर्धात्मक बनाने के लिए ट्राई ने 700 मेगाहर्टज की कीमतों में 40 फीसदी की कटौती की सिफारिश की है।

# गौतम अडानी को झटकाः एक दिन में गंवा दिए 50 हजार करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार, अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी की नेटवर्थ घटकर 108 अरब डॉलर रह गई है। बीते 24 घंटे में इनकी संपत्ति में 6.42 अरब डॉलर (49 हजार 600 करोड़ रुपये से ज्यादा) की कमी आई। एशिया में सबसे रईस भारतीय उद्योगपति गौतम अडानी को बड़ा झटका लगा है। समूह की कंपनियों के शेयरों में आई गिरावट का असर उनकी नेटवर्थ पर पड़ा है। इसके चलते अब वह दुनिया शीर्ष अरबपतियों की सूची में छठे स्थान पर खिसक गए हैं। मंगलवार और बुधवार को शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिली है।

**6.42 अरब डॉलर का नुकसानः** एक रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को गौतम अडानी की नेटवर्थ घटकर 108 अरब डॉलर रह गई। इसमें 6.42 अरब डॉलर (49 हजार 600 करोड़ रुपये से ज्यादा) की कमी आई। नेटवर्थ में आई इस बड़ी गिरावट के कारण काफी समय से शीर्ष अरबपतियों की सूची में पांचवे पायदान पर काबिज अडानी खिसकर अब छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। मंगलवार को भी उनकी नेटवर्थ में 5.19 अरब डॉलर की कमी आई थी।



### शेयरों में भारी गिरावट का असर

*गौरतलब है कि गौतम अडानी के नेतृत्व वाले अडानी ग्रुप की कंपनियों अडानी विल्मर, अडानी ग्रीन, अडानी पावर , अडानी टोटल गैस, अडानी इंटरप्राइजेज, अडानी ट्रांसमिशन और अडानी पोर्ट्स के शेयरों में गिरावट का दौर जारी है, मंगलवार की तरह ही बुधवार को भी गिरावट का सिलसिला जारी रहा। यहां बता दें कि समूह की कंपनियों के शेयर अपने अब तक के उच्चतम स्तर से 34 फीसदी तक टूट चुके हैं। इसका सीधा असर अडानी की संपति पर पड़ा है।*

# रूस-यूक्रेन संकटःरूस पर यूरोपीय संघ के प्रतिबंध से कच्चा तेल 105 डॉलर के पार

**एजेंसी, लंदन।** यूरोपीय संघ के प्रतिबंध पर समर्थन और आपूर्ति संबंधी चिंता बढ़ने से ब्रेंट क्रूड 2.99 फीसदी बढ़कर 105.45 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया। जानकारों का कहना है कि यूरोपीय संघ के रूसी तेल पर प्रतिंबध लगाने के प्रस्ताव से आने वाले समय में तेल की कीमतें और बढ़ सकती हैं।

रूस से तेल खरीद पर प्रतिबंध लगाने के यूरोपीय संघ के समर्थन से वैश्विक बाजार में कच्चा तेल बुधवार को 105 डॉलर के पार पहुंच गया। इससे पहले पिछले दो सत्रों में कच्चे तेल की कीमतों में 10 फीसदी की गिरावट देखने को मिली थी। इसके बाद यूरोपीय संघ के प्रतिबंध पर समर्थन और आपूर्ति संबंधी चिंता बढ़ने से ब्रेंट क्रूड 2.99 फीसदी बढ़कर 105.45 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया। जानकारों का कहना है कि यूरोपीय संघ के रूसी तेल पर प्रतिंबध लगाने के प्रस्ताव से आने वाले समय में तेल की कीमतें और बढ़ सकती हैं। एक ब्रोकरेज हाउस ने कहा, चीन की अर्थव्यवस्था में राहत की उम्मीदों के कारण भी तेल की कीमतों में तेजी बनी रही। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमत इस साल बढ़कर 139 डॉलर पर पहुंच गई थी।



### मोर्गन स्टेनली ने भारत की वृद्धि दर घटाई

मोर्गन स्टेनली ने भारत की जीडीपी की वृद्धि दर घटा दी है। इसने कहा है कि चालू वित्तवर्ष में देश की विकास दर 7.6 फीसदी रह सकती है।

# एलआईसी के निवेशकों को आज होगा शेयरों का आवंटन

**नई दिल्ली।** एलआईसी के आईपीओ में शेयरों के बोली लगाने वाले निवेशकों के लिए शेयरों का आवंटन गुरुवार से शुरू होगा। देश का सबसे बड़ा आईपीओ चार मई को खुला था और नौ मई को बंद हुआ था। इश्यू को 2.95 गुना सब्सक्रिप्शन हासिल हुआ था।

**अनुपस्थित कर्मचारी से मांगा स्पष्टीकरणः** देश के सबसे बड़े एलआईसी आईपीओ में बोली प्रक्रिया पूरी होने के बाद आज गुरुवार को शेयरों की आवंटन प्रक्रिया (अलॉटमेंट) शुरू होगी। दीपम सचिव ने आईपीओ को सब्सक्राइब्ड करने के आखिरी दिन यानी नौ मई को कहा था कि आईपीओ के तहत शेयर अलॉटमेंट 12 मई और लिस्टिंग 17 मई को होगी। हम आपको बता रहे हैं कि बोलीदाता आईपीओ आवंटन की स्थिति को ऑनलाइन किस तरह आसानी से चेक कर सकते हैं।




### जीएमपी ने बढ़ाई निवेशकों की चिंता

बता दें कि एलआईसी के आईपीओ को लेकर निवेशकों में जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया था। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इश्यू तीन गुना तक सब्क्राइब्ड किया गया था, इस बीच पॉलिसी धारकों के हिस्से को छह गुना से ज्यादा अनुदान मिला था। लेकिन फिलहाल, ग्रे मार्केट प्रीमियम की बात करें तो यह नकारात्मक हो गया है। ऐसे में संभावना है कि आईपीओ की लिस्टिंग डिस्काउंट पर हो सकती है।

आवश्यकता

युवा प्रदेश नेटवर्क

*मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।*

**युवा प्रदेश नेटवर्क,**
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
मो.- 9425156055-9755364204

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)